शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक 3244/E/ परीक्षा–गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 14.10.2022

–:: अधिसूचना ::–

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2022–23 में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर / स्नातकोत्तर डिप्लोमा, स्नातक प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित नियमित परीक्षार्थी (जो विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होंगे) हेतु विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल https://snpv.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाईन पोर्टल लिंक के माध्यम से नामाँकन आवेदन (Enrollment From) एवं नामाँकन शुल्क रूपये 300 / – ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01	ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि	15.10.2022
02	ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन करने की अंतिम तिथि	31.10.2022 रात्रि 12:00 बजे तक

टीपः–

- छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गये नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालयों में 02.11.2022 तक जमा की जा सकेगी तथा छात्रों से प्राप्त ऑनलाईन नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में 10.11.2022 तक जमा किये जा सकेंगे। उल्लेखित समय–सीमा का विशेष ध्यान दिया जाये।
- नियमित छात्र–छात्राओं का नामाँकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामाँकन आवेदन भरते समय (यूजर आई. डी. / पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामाँकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावें।
- छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामाँकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है।

01. महाविद्यालय को संबंधित विषय / पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामाँकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखे।
02. नामाँकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामाँकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय द्वारा नही लिया जायेगा।
03. नामाँकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख / प्राचार्य / प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा / परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते है।
04. नामाँकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
05. पूर्व में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्धता प्राप्त, इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले संबद्ध महाविद्यालयों से सत्र 2021–22 में पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके वे छात्र / छात्राएं जो इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर / स्नातकोत्तर डिप्लोमा / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते है उन्हे नामाँकन फॉर्म ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रदान की गयी यूजर आई.डी. के माध्यम से लॉगिन कर भरना है एवं **Enrollment Mapping** हेतु चाही गयी जानकारी की प्रविष्टि करनी होगी, अपितु ऐसे छात्रों के लिए नामाँकन शुल्क देय नही होगी तथा माइग्रेशन की शिथिलता के संबंध में इस विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 522 / अका. / प्रवजन अधि. / 2022 रायगढ़, दिनांक 18.07.2022 सत्र 2022–23 के लिए मान्य होगा।

06. किसी भी प्रकार की समस्या / कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य / शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नही होने पर विश्वविद्यालय के अॅकादमी / परीक्षा विभाग में संपर्क करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं.3245/E/ परीक्षा–गोपनीय / 2022

रायगढ़, दिनाँक 14.10.2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव(वित्त / अकादमी / भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय जिला–रायगढ़ एवं जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नामाँकन भरने हेतु सूचित करें।
04. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा, अकादमी, भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालय प्रति।

परीक्षा प्रभारी